हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025



# पिछले साल से अधिक रजिस्ट्री, 144 करोड़ की आय..प्रदेश में चौथे स्थान पर जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

प्रदेश के महत्वपूर्ण जिलों में शामिल राजनांदगांव जिले में भी इस बार जमीन की खरीदी-बिक्री का व्यापार जोरदार रहा। पिछले साल के मुकाबले इस बार 89 फीसदी तक अधिक आय मार्च महीने में प्राप्त हुई है। वहीं सालाना आय में भी 44 करोड़ का इजाफा हुआ है। यही कारण है कि इस बार पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा रजिसट्रियां हुई है। वहीं जिले के पंजीयक विभाग को मिले 145 करोड़ का टारगेट 99 फीसदी पूरा हो गया है। 22 हजार से अधिक रजिस्ट्री के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में चौथे पायदान पर रहा।

## टारगेट के मुकाबले 99 फीसदी सफलता, इस बार डेढ़ सौ करोड़ राजस्व प्राप्त करने की संभावना

### इन जिलों से पीछे नांदगांव

मिली जानकारी के अनुसार इस बार राजनांदगांव जिले में 26201 रजिस्ट्री दर्ज की गई है। इस आंकड़े के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में चौथे पायदान पर रहा। इससे आगे पहले स्थान पर 46589 रजिस्ट्री के साथ रायपुर, 41985 रजिस्ट्री के साथ दूसरे स्थान पर बिलासपुर और 34201 रजिस्ट्री के साथ तीसरे स्थान पर दुर्ग जिला रहा। वहीं रायगढ़, कोरबा और जगदलपुर जैसे जिले राजनांदगांव से पीछे रहे।



### सालभर में विभाग को 144 करोड़ का मिला राजस्व

इस बार राजस्व विभाग ने जिले में 144.15 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। जबकि जिले को 145 करोड़ का टारगेट दिया गया था। ज्ञात हो कि पिछले साल जिले में 101.44 करोड़ का राजस्व हासिल किया गया था, ऐसे में इस बार करीब 42 फीसदी अधिक राजस्व जिले के पंजीयक कार्यालय ने प्राप्त किया है।

### मार्च में 24 करोड़ राजस्व

पंजीयन विभाग के टारगेट 99 फीसदी पूरा करने के पीछे मार्च महीना सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा। मार्च महीने में ही सालाना राजस्व का लगभग 18 फीसदी आय प्राप्त हुआ है। मार्च महीने में जिला पंजीयन विभाग को 24.04 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल के प्राप्त राजस्व 12.65 करोड़ से लगभग 89 फीसदी तक अधिक है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिला पंजीयन कार्यालय सहित जिले के अन्य कार्यालयों में रजिस्ट्री को लेकर मार्च महीने में भारी भीड़ देखने को मिली। हालांकि बार-बार सर्वर डाउन होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी, लेकिन मार्च महीने में जमकर व्यापार के चलते पंजीयक विभाग ने अपना टारगेट भी लगभग पूरा कर लिया है। टारगेट के बेहद करीब पहुंचने के चलते अब इस साल भी विभाग को बढ़ा हुआ टारगेट ही दिया जाएगा। ज्ञात हो कि अप्रैल से मार्च महीने के बीच वित्तीय वर्ष के अनुसार ही पंजीयक कार्यालय को टारगेट दिया जाता है। जिला पंजीयक ने बताया कि शासन द्वारा तय टारगेट को पूरा करने की दिशा में 99 फीसदी सफलता हासिल की गई है। रजिस्ट्री कराने के लिए आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं देने पर पुरा जोर है।

## खबर संक्षेप

### 10 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### 20 से विविध कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व बौद्ध संघ छग प्रदेश शाखा के तत्वावधान में संविधान की हीरक जयंती एवं भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती को संविधान रक्षा एवं सामाजिक न्याय वर्ष के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। 20 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक कार्यक्रम सभा संगोष्ठी, जन जानगरण सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें बौद्ध अम्बेडकरवादी संगठनों को प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधिगण, बौद्ध भिक्षुगण, समाजसेवी, समाज प्रमुख, सांसदगण, विधायक एवं मंत्रीगण शामिल होंगे।

# प्राचार्यों की बैठक में निर्देश: बिना सूचना 8% से अधिक फीस वृद्धि ना हो, एनसीईआरटी-एससीईआरटी किताबों से कराई जाए पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग भी सख्त रवैया अपनाए हुए है। लगातार सामने आ रही शिकायत के बाद डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने सभी निजी स्कूलों की एक बैठक बुलाई। बैठक में सभी प्राचार्यों को साफ निर्देश देते हुए डीईओ ने कहा कि बिना किसी ठोस कारण कोई भी निजी स्कूल 8 फीसदी से अधिक फीस वृद्धि ना करें। इसके साथ ही एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी किताबों का उपयोग किया जाए। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त स्कूलों में एससीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाई कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 29 मार्च को निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्राथमिकता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद ननि में एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती ने भी कलेक्टर एवं डीईओ को ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों की मनमानी रोकने की मांग की थी। जिसके बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं डीईओ पीएस बघेल ने सोमवार को सभी निजी स्कूलों की एक बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में बुलाई थी। बैठक में कलेक्टर एवं डीईओ द्वारा चार एजेंडे पर चर्चा की गई। साथ ही स्कूल संचालन को लेकर दिशा-निर्देश भी प्राचार्यों को जारी किए गए हैं। बैठक में नए शिक्षा सत्र में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन करने कहा गया है।




### समझिये पालकों को कैसे लूट रहे निजी स्कूल

**किताबों के नाम पर :** नियमानुसार एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराना है, लेकिन निजी स्कूल प्राईवेट पब्लिकेशन से लाखों रुपए में डील कर उनकी किताबों से पढ़ाई कराते हैं। इन किताबों की बिक्री करने वाले बुक स्टोर से भी स्कूलों की सांठगांठ होती है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जहां छठवी कक्षा की एनसीईआरटी किताबें आठ सौ से एक हजार रुपए में आ जाती है। वहीं निजी पब्लिकेशन की किताबें चार से पांच हजार में आ रही है।

**मनमाने फीस के नाम पर :** स्कूलों में फीस बढ़ोत्तरी को लेकर नियम बनाया गया है। आम तौर पर अधिकतम 8% तक ही फीस बढ़ाई जा सकती है। फीस वृद्धि से पहले पालकों से भी अनुमोदन लेना होता है, लेकिन स्कूल अपने मन से फीस में बढ़ोत्तरी कर देते हैं। आलम यह है कि अधिकांश स्कूलों में फीस के नाम पर 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक पालकों से वसूले जा रहे हैं।

**बार-बार बदल रहे ड्रेसकोड :** स्कूलों ने अब एक नया तरीका पालकों की जेब ढीली करने का खोज लिया है। हर दो-तीन साल में स्कूल अपना ड्रेस बदल रहे हैं। इसमें भी स्कूलों ने तय दुकान से ही ड्रेस लेने पालकों पर दबाव डालते हैं, उन दुकान संचालक से भी स्कूल लाखों रुपए का कमीशन लेते हैं। नियमानुसार ड्रेस कोड बदलने से छह महीने पहले सूचना देना अनिवार्य है, लेकिन स्कूल ऐसा नहीं करते।

### गैर सीबीएसई स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न नहीं चलेगा

शहर में कुछ स्कूल पालकों को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नहीं होने के बाद भी सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई कराने का हवाला देकर मोटी रकम फीस के रूप में वसूल रही है। वहीं बाध्य कर पालकों को निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदने को कह रही है, लेकिन डीईओ ने बैठक में साफ कर दिया है कि कोई भी गैर सीबीएसई स्कूल सीबीएसई पैटर्न का किसी भी स्तर पर उपयोग नहीं कर सकेगा। यदि किसी भी स्कूल की शिकायत सामने आई तो उसके खिलाफ अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

### स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले देनी होगी ऑडिट रिपोर्ट

शहर से लेकर जिलेभर में पालकों की सर्वाधिक शिकायत निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ोतरी को लेकर सामने आई है। पालक बढ़ती फीस से परेशान हैं। आलम यह है कि पहली कक्षा की फीस ही 30 हजार से अधिक हो गई है। ऐसे में इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में ही फीस बढ़ोत्तरी को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले इसका अनुमोदन शुल्क नियामक समिति एवं शाला के सामान्य पालकों से लेने कहा गया है। वहीं फीस बढ़ाने से पहले जिला शिक्षा विभाग को पिछले शिक्षण सत्र के ऑडिट की रिपोर्ट जमा करने कहा गया है। शिक्षण शुल्क, वार्षिक शुल्क, परिवहन शुल्क के अलावा वे सभी शुल्क जिनका विवरणिका में उल्लेख नहीं है। यह सभी शुल्क कैपिटिशन शुल्क की श्रेणी में आते हैं। जांच में सही पाए जाने पर 50 हजार या शुल्क के अधिकतम दस गुना तक फाईन लिया जाएगा। सभी शालाओं में शुल्क नियामक समिति की अनुशंसा पर ही अधिकतम 8 फीसदी फीस बढ़ाई जा सकेगी। शाला का संचालन नो लॉस नो प्राफिट के आधार पर करना है। शुल्क वृद्धि करने का उचित एवं पर्याप्त कारण होना चाहिए। सीमा से अधिक फीस वृद्धि करने पर नोडल प्राचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

### नियमों का पालन जरूरी



कलेक्टर सर के नेतृत्व में बैठक में सभी प्राचार्यों को नियमों के तहत स्कूल संचालन के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी स्कूल द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है और भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायतें उनके खिलाफ प्राप्त होती है तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

\- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ

### आलोक ने उठाया मुद्दा



ज्ञात हो कि एनसीईआरटी-एससीईआरटी किताबों के बजाय निजी पब्लिकेशन की किताबों से पढ़ाई कराने के खिलाफ एवं निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस में वृद्धि को लेकर एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इस मामले में ननि में शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक ने कहा है कि इस मामले में यदि जरूरत पड़ी तो वे विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात करेंगे।

### एनसीईआरटी-एससीईआरटी किताबों से कराए पढ़ाई

बैठक के दौरान डीईओ ने सभी प्राचार्य को यह भी साफ कर दिया है कि छग माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त स्कूलों में एससीईआरटी की किताबों से अनिवार्य रूप से पढ़ाई करानी होगी। वहीं सीबीएसई स्कूलों में भी पहली से आठवी कक्षा तक एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता दिया जाना है। वहीं जरूरत पड़ने पर अन्य पब्लिकेशन की किताबों से पढ़ाई कराने के पहले उन्हें पोर्टल में अपलोड करना जरूरी रखा गया है। वहीं सीबीएसई स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा तक अनिवार्य रूप से एनसीईआरटी किताबों से ही पढ़ाई कराई जाएगी।

## मांय एंगल




# सोसायटियों के पुनर्गठन से बढ़ेगी दूरी, पांच गांव के किसानों ने विरोध जताने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा सहकारी समितियों के पुनर्गठन से प्रभावित होने वाले डोंगरगढ़ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलटिकरी, रुवातला सहित लगभग पांच गांव के किसानों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन जिले में सेवा सहकारी समितियों का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस पुनर्गठन में प्रभावित होने वाले गांव के किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सेवा सहकारी समिति रूवातला के किसानों ने कहा कि सहकारी समिति के पुनर्गठन का नोटिफिकेशन आया है। जिसमें बहुत दिक्कतें होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समिति से 2 किलोमीटर दूर के गांव को 10 किलोमीटर दूर की समिति में जोड़ा जा रहा है।



### कसारी को नवीन समिति बनाने मांग

अपने ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने पुनर्गठन में सेवा सहकारी समति रूवातला पं.क्र. 944 का मुख्यालय कसारी में है, उसे ग्राम रूवातला में मुख्यालय शिफ्ट किया जाए। वहीं नवीन समिति उपार्जन केन्द्र कसारी को बनाए जाने की मांग की है। वर्तमान में रुवातला, कसारी, ठेकवा, सलटिकरी, पुरेना, पेंड्री, अनिया नवागांव रूवातला समिति में आते हैं। जिसमें रुवातला, सलटिकरी, पुरेना को रुवातला में और कसारी में आने वाले ग्राम कसारी, ठेकवा, पेंड्री, अनिया नवागांव को कसारी समिति का गठन कर जोड़ने की मांग की है।

### 800 किसान होंगे प्रभावित

रूवातला समिति के किसान मोहनराम साहू, मोतीलाल सिन्हा ने कहा कि पुरेना को समिति गठित कर इसमें अनिया नवागांव, पेंड्री, सलटिकरी को शामिल किया जा रहा है। जिससे लगभग 800 किसान प्रभावित होंगे, जिन्हें दो-तीन किलोमीटर की दूरी के बजाय लगभग 10 किलोमीटर का अधिक सफर करना होगा।

# बांध के पास सजी थी जुएं की फड़, पुलिस की छापेमार कार्रवाई में दर्जनभर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग-अलग क्षेत्रों से एकत्र होकर दर्जनभर से अधिक लोग मारगांव के बांध के पास जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही डोंगरगांव पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान दर्जनभर जुआरी पकड़े गए। वहीं अन्य फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों से ताशपत्ती सहित नगदी रकम 1,39000 रुपए बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मारगांव के बांध के पास जुआ का फड सजा हुआ था। जिसमें दर्जनभर से अधिक लोग एकत्र होकर रुपए-पैसे का हार-जीत का दांव लगा रहे थे। मुखबीर से उक्त सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी।

### पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप

पुलिस के वहां पहुंचते ही जुआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस टीम ने मौके पर आरोपी विवेक कुमार 31 वर्ष निवासी किल्लापारा डोंगरगांव, अनुप कुमार 65 वर्ष निवासी महराजपुर, आनंद 45 वर्ष साकिन ब्राम्हणपारा राजनांदगांव, प्रेमलाल डोंगरे 40 वर्ष निवासी गाताटोला, जितेन्द्र सेन 46 वर्ष निवासी मटिया डोंगरगांव, विकास 27 वर्ष निवासी अर्जुनी, विकास मेश्राम 40 वर्ष पुराना ढाबा राजनांदगांव, चंदुराम 50 वर्ष निवासी गिदर्री, चन्द्रकांत लरिया 36 वर्ष निवासी बीएनसी मिलचाल बल्देवबाग राजनांदगांव, लम्बोदर सोनी 59 वर्ष निवासी गैंदाटोला, रोशन कुंवर 36 वर्ष निवासी किल्लापारा डोंगरगांव, अशोक सिन्हा 43 वर्ष निवासी तुलसीपुर राजनांदगांव को पकड़ा।



### नगदी, 12 बाइक जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपियों से कुल 1,39000 रुपए नगद, 52 पत्तीताश, 12 नग मोटर साइकिल, 11 मोबाइल को जब्त कर छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई कर जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार मौके से भागे अन्य आरोपी गोलू सिन्हा निवासी ग्राम कोकपुर, विनोद राय निवासी ग्राम अर्जुनी, लल्लू यादव निवासी मोतीपुर राजनांदगांव, शिवा सिन्हा निवासी ममता नगर राजनांदगांव पर भी कार्रवाई की गई है।

## प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी यात्रा, गूंजे जयकारे

# शोभायात्रा में श्रीराम दरबार झांकी ने मनमोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में शहर में बाजे-गाजे एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षक का केन्द्र भगवान श्रीराम दरबार की झांकी रही। भजन-कीर्तन के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

ज्ञात हो कि 6 अप्रैल को अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ श्रीराम नवमी मनाई गई। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।



### कई स्थानों पर यात्रा का हुआ स्वागत

शोभायात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने स्वागत पंडाल बनाए हुए थे। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए शीतलपेय, स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया।

**लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुति :** पर्व के तहत सोमवार 7 अप्रैल को शहर के महावीर चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। दोपहर को निकली इस शोभायात्रा में आदिवासी नृत्य, राऊत नृत्य, पंथी नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। बाजे-गाजे एवं डीजे साऊंड सिस्टम के माध्यम से भक्ति गीतों का प्रसारण होता रहा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त थिरकते रहे। दोपहर को निकली यह भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार का दृश्यांकन किया गया था, जिसने लोगों का मनमोहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### राशन दुकान का निरीक्षण

**पटेवा।** इरईकला में संचालित उचित मूल्य की दुकान का 7अप्रैल को खाद्य निरीक्षक हितेशदास मानिक ने निरीक्षण कर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान रिकार्ड के अनुसार सामग्री का मिलान किया गया। दुकान में शक्कर, नमक एवं चांवल की मात्रा सही पाया गया। दुकान संचालक ने बताया कि अन्त्योदय चांवल, शक्कर, नमक की कम मात्रा मिलने से परेशानी होती है।

### मानपुर नाका में होगा सहकारी समिति का गठन

**सड़क अतरिया।** मानपुर नाका में नवीन सहकारी समिति बनाया जाएगा। समिति के बनने से क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज, ऋण लेने तथा उपज बेचने में काफी सुविधा होगी।

जानकारी अनुसार राज्य सरकार की पहल पर केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने किसानों को सुविधा मुहैय्या कराने के लिए सहकारी समिति के पुनर्गठन एवं नवीन सोसायटी को अस्तित्व में लाने की प्रक्रिया शुरू किया है। मानपुर नाका में नवीन सहकारी समिति बनाया जाएगा। इस समिति में कम से कम पांच सौ किसान सदस्य बन सकते हैं।

### लोगों को किया जागरूक



**डोंगरगढ़।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर मंच ने ग्राम पंचायत मोहनपुर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। सरपंच सुखराम पटेल ने पूजा अर्चना का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम ने उपसरपंच परमेश्वर मांडवी, रोजगार सहायक राजू साहू, जय महामाया स्वसहायता समूह, भाग्य लक्ष्मी समूह एवं महिला एवं पुरुषों को मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य, गर्भावस्था एवं टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर एसबीआई संजीवनी टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, आशीष साहू, सूर्यकांत, दीपिका जोशी, निखिल सहारे मौजूद थे।

### ग्रामीण मंडल में मनाया स्थापना दिवस



**डोंगरगढ़।** भाजपा का स्थापना दिवस डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, जैनकुमार मेश्राम, तेजलाल वर्मा, कचरू साहू, लखन जंघेल, अनिल सिंह, जीवन वर्मा, छबिल साहू, दिनेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, दुर्गा प्रसाद नायडू, कन्हैया वर्मा, हेमकुमार साहू, रेखराज वर्मा, कमल किशोर साहू, रवि यादव, घनश्याम बाराडे, राघवेंद्र वर्मा, जितेन गेंडरे, राजेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, मनीष सोनी, दिलीप महोबिया, मुरली गेडाम, मनोहर गेडाम, हुमन वर्मा, बहाल देवांगन, श्यामलाल कंवर, शैलेंद्र महोबिया, हरदेव वर्मा, मोतीराम वर्मा, गिरधारी वर्मा, राजकुमार सेन, प्रभात वर्मा, संतोष वर्मा, सेवक वर्मा, कमलेश वर्मा, लखन देशलहरे, संपत सेन आदि शामिल हुए।

### पेंशनरों से मिलेंगे टांडेकर

**डोंगरगांव।** प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष का चुनाव आगामी 13 अप्रैल को होना है। मतदान तहसील स्तर पर मतदान केन्द्र में कराया जाएगा। चुनाव को लेकर डॉ केएल टाण्डेकर का नगर आगमन कल 8 अप्रैल को होगा। अपने प्रवास के दौरान श्री टांडेकर तहसील के पेंशनर्स से मुलाकात करेंगे। एसोसिएशन के कृष्ण कुमार दुबे, राजेन्द्र सिंह, महेश अत्री, बुन्दा वर्मा, शक्ति खत्री, राधेश्याम, रोमन, मानदास साहू, डीएस त्रिपुरे, बिसेलाल यादव, पुषणलाल, मन्नू लाल यादव, शत्रुहनसिंह ठाकुर, उषा नामदेव, पुष्पा रत्नाकर, आदि पेंशनरों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## विसर्जन से पहले देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना, जसगीतों की रही गूंज

# मानव श्रृंखला के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन, हजारों श्रद्धालुगण बने साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जन जन की आराध्य मां बम्लेश्वरी के दरबार में 8 दिन तक नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। मनोकामना ज्योति कलश विसर्जन के साथ पर्व का समापन हुआ।

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने 8429 ज्योति कलश का विर्सजन किया। विसर्जन के लिए नीचे मंदिर से मानव श्रृंखला के रूप में शोभायात्रा निकली। विर्सजन यात्रा ने उपस्थिति दर्ज कराकर लोग इस महाधार्मिक आयोजन के साक्षी बने। अष्टमी हवन के बाद ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना, काल भैरव, छिन्न मस्ता के अनुमति से नवमीं को प्रातः सुबह 5 बजे उपर मंदिर में स्थापित 7455 ज्योति कलशों को मंत्रोच्चार के साथ पानी छिड़क कर शांत कराया गया। वहीं नीचे मंदिर के 905 एवं शीतला मंदिर के 69 ज्योति कलशों को महावीर तालाब में समिति के पदधिकारियों, कर्मचारियों ने देर रात विर्सजित किया। उपर मंदिर की प्रथम ज्योत को प्रभारी बबलु शांडिल्य ने प्राचीन टाका तालाब में विसर्जित किया




### हुआ दो देवियों का मिलन

शीतला मंदिर में स्थापित माई ज्योति कलश एवं माता बम्लेश्वरी की प्रथम ज्योत का विधिवत मिलाप के साथ शीतला चौक की पुजा कर शोभायात्रा महावीर मंदिर पहुंची। यहां बैगा ओंमकार महोबिया ने हनुमान जी एवं सरोवर देवता को नरियल भेट कर विसर्जन की अनुमति मांगा फिर सभी मनोकामना ज्योति को सरोवर के जल से शांत कराकर विसर्जित किया। विसर्जन के बाद महिलाओं ने ज्योति कलश को वापस लोकर पुनः ज्योति कक्षो में स्थापित किया। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया एवं सहयोगियों को भोजली भेट की गई।

### एक्टिव रहा प्रशासन

नवरात्र के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधिक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराया साथ ही सहयोग भी दिया। विसर्जन यात्रा में एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, टीआई जितेन्द्र वर्मा, स्टेशन प्रबंधक गुरूचरण शेटटी, एआरएम अमेन्द्र सिंह, ओसीआरपीएफ प्रशांत एडप, आरपीएफ टीआई कुमार निरंजन सिंह, आरपीएफ टीआई श्री राठौर, हरिहर राणा, मो इमरान आदि उपस्थित थे। बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### बंद रहा रेलवे फाटक

कलश विसर्जन के दौरान स्टेशन प्रबंधक, आरपीएफ, जीआरपीएफ के अधिकारियों ने जिला प्रशासन, पुलिस बल के साथ उपस्थित रहकर रेल्वे फाटक क्रास करने में सहयोग दिया। विसर्जन के दौरान कई ट्रेनो के पहिए थमे रहे। विसर्जन के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गटटानी, संजय श्रीवास्तव, महेन्द्र परिहार, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पितांबर स्वामी, प्रकाश बिंदल, बबलु शांडिल्य, गोविंद चोपडा, रवि पचेरी, संजू गुमास्ता, हनी गुप्ता के अलावा विधायक हर्शिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विनोद खांडेकर, बिसनाथ यादव, गोपाल खेमुका, जितेन्द्र सिंग बब्बु, मधु केशव नरेडी, राजू छाजेड, थानेश्वर पटिला, मनीश बघेल, सत्यप्रकाश मिश्रा, राजेश अग्रवाल, गणेश नरेडी, नितिन विपुल पचेरी, अजय ठाकुर, मधुसुधन अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, अशोक साहू, राजु नरेडी, आनंद अग्रवाल, केशव नरेडी, गौतम चोपडा, राकेश पचेरी, संध्या देशपांडे, योगेश अग्रवाल, पेन्टा अग्रवाल, संजय, अनिल अग्रवाल, काजू अग्रवाल, अनिल शर्मा, गणेश साहू, दिलीप बिंदल, राजु ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### गूंजी महाराष्ट्र की शहनाई

परंपरा के अनुसार महाराष्ट्र के शहनाई वादकों ने विसर्जन के दौरान जस गीत की धुन से माहौल को भक्तिमय बनाया। इसके पहले माता की प्रथम ज्योत की पूजा अर्चना किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की उपस्थिति में बैगा ओमकार महोबिया, दीपक महोबिया, सहयोगी रामजी तराने एवं आचार्य पंडितो ने पूजा कर ज्योति कलशों को निकाल कर महिलाओं के सिर पर धारण कराया। माता की आरती के साथ एवं मंदिर की पहली सीढी और काल भैरव की पूजा के साथ शोभायात्रा की शुरूवात हुई। विसर्जन के रास्ते पर छिन्न मस्ता माता एवं अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया गया। रेल्वे ट्रेक में पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा शीतला मंदिर पहुंची।

### श्रद्धा के साथ ज्योति कलश विसर्जित

**सड़क अतरिया।** शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि



उल्लास से मनाया गया। वनांचल के चोरड़ाधाम दुर्गा, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर लोगो ने अपनी आस्था प्रकट किया। अष्टमी हवन के पश्चात रविवार को ज्योति कलशों का विसर्जन किया गया। जस सेवा के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। श्वेत पोशाक में महिलाएं ज्योति कलश लेकर विसर्जन स्थल पहुंची। विधि विधान के साथ शक्ति स्वरूपा को नमन कर जोत विसर्जित किया गया। इसी प्रकार जीराटोला, चकनार, कुकुरमुड़ा, खैरा नवापारा, संड़ी, दौजरी, खैरबना, गुमानपुर, मानपुर, पंडरिया, ओटेबंद, घिरघोली, विचारपुर में श्रद्धा भक्ति जोत जंवारा का विसर्जन किया गया।

## कहडबरी में रामनवमी पर जोत जंवारा का विसर्जन



**कहगांव।** ग्राम पंचायत कहडबरी में रामनवमी के मौके पर जोत जंवारा विसर्जन किया गया। गांव के गायत संतराम उसारे, ग्राम पटेल अरुण कोड़पे, सरपंच राकेश कोडपे, श्रवण बघेल, गिरजा कोडपे, श्याम तिवारी, संजय यादव, देवानंद कोड़पे, अमृता नेताम एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### उपस्वास्थ्य केंद्र को मिला एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र



**छुईखदान।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र कुटेलीकला को भारत सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मापदंड के तहत प्रमाणित किया है। इस उपस्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर किए गए मूल्यांकन में 86.61 प्रतिशत अंक मिल थे। यह केन्द्र प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सफल हुआ। यह उपलब्धि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के निर्देशन और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष बघेल के नेतृत्व में प्राप्त हुई है। इस सफलता में डीपीएम सोनल ध्रुव, बीपीएम बृजेश ताम्रकार, बीडीएम ऐश्वर्य साहू और सेक्टर प्रभारी मनमोहन जंघेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर किए गए मूल्यांकन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चिरंजीव श्रीवास, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक विनोद बागडे, हेम नागवंशी, मितानिन, ग्रामीणों और मरीजों के साक्षात्कार, रिकार्ड रिव्यू आदि माध्यम से मूल्यांकन किया गया था। उपस्वास्थ्य केंद्र कुटेलीकला अब राष्ट्रीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला जिले का पहला उपस्वास्थ्य केंद्र बन गया है।

### बच्चों को खिलाया डोसा



**रूवातला।** प्राथमिक शाला की शिक्षिका नीतू वर्मा ने अपने जन्मदिन के मौके पर न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने कक्षा पहली से आठवी तक के लगभग 200 बच्चों को डोसा खिलाया तथा चॉकलेट बांटा। इस मौके पर बंदिश नेमपाण्डे, लूनकरण वर्मा, तिलेश्वर वर्मा, आरके साव, कुमेश कुमार ग़हीने, मो.अमीन कुरैशी, राजेश पंचभाई, राजेन्द्र कुमार साहू, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, हर्षा पंचभाई, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

## कॉलेज में लागू होगा ड्रेस कोड

■ भवन के लिए जमीन चिन्हांकित करने का निर्णय

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में गत दिनों प्राचार्य, शिक्षकों की उपस्थिति में जनभागीदारी समिति की प्रथम सामान्य बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम सभी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।




स्वागत के बाद संजय देवांगन ने सदस्यों को बैठक के उद्देश्य, समिति की नियमावली, महाविद्यालय के विकास, भवन हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया। प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने भवन निर्माण हेतु यथासंभव प्रयास करने एवं मूलभूत सुविधाएं ग्राम पंचायत के माध्यम से मुहैया कराने की बात कही। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारी का मासिक मानदेय जनभागीदारी समिति के मद से देने परे सहमति जताई। अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने आश्वाशन दिया कि महाविद्यालय भवन के लिए भूमि चिन्हित कर भवन निर्माण की मांग राज्य शासन के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया। अंत में डॉ. नवीन सिंह राजपूत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ज्योति कलश का सुरही नदी में विसर्जन



**गंडई पंडरिया।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन 6 अप्रैल को मां गंगई मंदिर के मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन सुरही नदी में किया गया। विसर्जन से पहले विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। यहां लोग दूर दूराज सहित अन्य प्रदेशों से मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित कराते है। यहां 838 ज्योत जलाए गए थे, जिसमे 13 घी के शामिल थे। विसर्जन यात्रा रात्रि 9 बजे के आसपास निकाली गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन, आसपास के ग्रामीण और नगरवासी बड़ी संख्या मौजूद थे।

## सामाजिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर में तहसील साहू भवन का भूमिपूजन मां कारी पाठ मंदिर प्रांगण में किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक खेदुराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, मक्काटोला सरपंच संध्या प्रमोद वर्मा, भोजराज मंडावी, घनाराम साहू, हेमंत साहू थे। कारीपाठ मंदिर प्रांगण में बनने वाले तहसील साहू संघ के भवन का भूमिपूजन विधायक साहू ने किया। इस मौके पर विधायक श्री साहू ने समाज के कार्य को मन लगाकर करने एवं समाज को शिखर तक पहुंचाने प्रेरित किया।



इस मौके पर लक्ष्मण साहू, कमलेश साहू, आरती साहू, श्यामदास साहू, रामदीन साहू, हेमंत साहू, गणेश साहू, उमा साहू, कमलेश साहू, राजेन्द्र साहू, कुलेश्वर साहू, कमल साहू, रोहित साहू, घनाराम साहू, परमानंद साहू, पवित साहू, गोपी साहू आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

रामनवमीं के अवसर पर रविवार को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के समापन पर पुराने बस स्टैंड में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमे जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पीसीसी मिडिया पेनलिस्ट श्रुति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। शोभा यात्रा की शुरुआत किला पारा स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से हुई जो शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए पुराने बस स्टैंड पहुंची।



राम नवमी के मौके पर संपूर्ण शहर जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा। भगवा ध्वज के साथ राम नाम का जय जय कार का अद्भुत नजारा दिखाई दे रहा था। चौक चौराहे पर श्रद्धालुओं ने श्रीराम की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। पुराने बस स्टैंड परिसर में शिव गंगा आरती परिवार दुर्ग ने गंगा और श्री राम की भव्य आरती किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, दिनेश नखत, राजेश दबे, महेश अत्री, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार, हेमंत चोपडा, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन, राहुल जैन, मनोज हेमनानी, अभिषेक जैन, नवनीत अहीर, सतीश पांडे, सुरेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### राम नवमी पर पूजा अर्चना के बाद निकाली बाइक रैली

**गंडई पंडरिया।** राम नवमी के अवसर पर गंडई नगर में हिन्दू युवा मंच ने देर शाम बाइक रैली का आयोजन किया। भगवा झंडा हाथों में लिए बाइक सवार नगर के विभिन्न मंदिरों में गए। मंदिरों में पूजा अर्चना कर बाईक रैली आगे बढ़ी। जानकारी अनुसार देर शाम 5 बजे सौ से अधिक हिन्दू युवा मंच के सदस्य एवं नागरिक पंडरिया स्थित राम मंदिर में एकत्रित हुए। हाथों में भगवा झंडा लिए



भगवा वस्त्र धारण कर राम मंदिर से बाइक रैली निकाली गई। जय श्री राम के नारों के साथ रैली दैहान चौक गई जहां से प्राचीन शिव मंदिर, देउर मंदिर तक बाइक रैली गई। पूजा अर्चना कर रैली वापस राम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

## शरीर का जतन करने हमेशा रहे गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वाणिज्य अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा शरीर एक धन संपदा है. जिसका जतन करता हमारा दायित्व है।




इसी कड़ी में हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने कहा कि स्वास्थ्य ठीक रहने से हम दूसरे कार्य एवं धन अर्जन कर सकते है इसलिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने स्वास्थ्य को उत्तम कैसे बनाया जा सकता है के बारे में विस्तार से बताया। ग्रंथपाल हिमानी साहू ने स्वास्थ्य को प्रसन्नता से जोड़कर उत्तम स्वास्थ्य निर्माण की बात कही। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष लीना साहू ने स्वास्थ्य के लिए पानी की उपयोगिता, प्राणि विज्ञान विभागाध्यक्ष हरवंश चौरगे, रसायन विभागाध्यक्ष सरोजनी वर्मा, क्रीड़ा प्रमुख दुष्यंत साहू, डॉ. संजू राजपूत ने स्वास्थ्य के देखभाल एवं शारीरिक रोगों पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में प्राचार्य ने स्वास्थ्य के रहस्यों पर अभिमत व्यक्त करते हुए कहा कि भरपूर नींद, मोबाईल का कम प्रयोग, संतुलित भोजन, पैदल भ्रमण एवं नियमित व्यायाम से उत्तम स्वास्थ्य हासिल किया जा सकता है। संचालन योगेन्द्र देवांगन तथा आभार व्यक्त हेमशंकर साहू ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता सरोजनी वर्मा, काव्या जैन, नंदनी साहू के अलावा पूजा धनकर, चाँदनी बोरकर, नेहा, मेघा, मनी, खोमलता, लक्ष्मी, उपासना, आकांक्षा, जया, दिव्या, रूपेश कुमार, प्रेमप्रकाश आदि मौजूद थे।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर आज

**खैरागढ़।** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव तहत आज कुशल पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सकल जैन श्री संघ के संयोजन म जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित शिविर मे रक्त दान महादन की परिकल्पना को साकार रूप देने वृहद सतर पर तैयारी की गई है वही शिविर मे उदयाचल के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखो का परीक्षण बाद जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। इसके अलावा परिसर मे दंत चिकित्सा शिविर मे आयोजित किया गया है जहॉ दांतों से संबंधित समस्या की पड़ताल कर उचित परामर्श दिया जाएगा। सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा सहित जैन यूथ क्लब के महेंद्र जैन गोलू, नवीन चौरडिय़ा, वैभव लूनिया, वीरेंद्र डाकलिया, हर्षल कोचर, अक्षत छाजेड़ ने जिले के सबसे बड़े रक्तदान शिविर मे रक्तवीरों को महादान के लिए आमंत्रित किया है।

### दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव 11 से

**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के पुराना गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा वृहद आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 11 अप्रैल से 2 दिवसीय आयोजन की शुरूआत होगी।

श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी काफी धूमधाम से किया जा रहा है। इस दौरान कई धार्मिक आयोजन संपन्न किए जाएंगे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे से अखंड रामचरित्र मानस पाठ किया जाएगा।

श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को सुबह 4 से 6 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा और इसके बाद सुबह 6 बजे शहर में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं सुबह 7 बजे से श्री हनुमानजी का महाअभिषेक होगा। सुबह 8.30 बजे से श्रृंगार आरती संपन्न होगी। सुबह 10 बजे से हवन एवं पूजन, दोपहर 12 से 3 बजे तक महाप्रसादी वितरण और दोपहर 3.30 से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। वहीं शाम 7.15 बजे महाआरती होगी और 7.30 बजे भजन-संध्या का भव्य आयोजन होगा। हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन में श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा सभी सनातनी धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### स्थापना दिवस पर फहराया ध्वज

**खैरागढ़।** भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मौजूदगी में ध्वजारोहण कर कार्यकर्ताओं को



बधाई दी गई। भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर श्री सिंह ने पार्टी के गौरवमयी इतिहास की याद दिलाते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा और आज हम देख रहे हैं कि हर जगह कमल खिल रहा है।

उन्होंने कहा कि अटल जी ने सुशासन की नींव रखी थी और अब पीएम नरेंद्र मोदी गरीबों के जीवन में खुशहाली ला रहे हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा की शुरुआत 1980 में मुंबई अधिवेशन से हुई थी, जहां अटल बिहारी वाजपेयी पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। उन्होंने बताया कि भाजपा अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय की भविष्यवाणी आज सच हो रही है। उन्होंने जिले सहित प्रदेशवासियों को रामनवमी की भी शुभकामना दी और भाजपा के संस्थापकों पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय के सपने को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरा किए जाने का जिक्र किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार आज से

**खैरागढ़।** मंगलवार 8 अप्रैल से 31 मई तक जिले सहित पूरे प्रदेश में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में निवासरत आम जनता की समस्याओं व मांगों के त्वरित निराकरण को लेकर सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन लिया जाएगा।

मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर सुशासन तिहार के संबंध में प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा। वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े कलेक्टर चंद्रकातं वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार मुख्यत जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर आधारित है। लोगों की समस्याओं के वास्तविक समाधान साथ निराकरण की गुणवत्ता की जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग होनी चाहिए।

### जिला गोंड़ समाज युवा प्रभाग का गठन

**राजनांदगांव।** जिला आदिवासी गोंडवाना भवन रामकृष्ण नगर राजनांदगांव में सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में



बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना पश्चात जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढ़े को समाज प्रमुखों द्वारा चावल का टीका लगाकर सम्मान किया गया।

बैठक में युवा प्रभाग गोंड़ समाज का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें छानबीन के पश्चात समाज प्रमुखों ने मिलिट्री से लौटे फौजी जवान 22 वर्षों के बाद सेवक के लिए इच्छा जाहिर की। समाज ने जिम्मेदारी सौंपी। जिलाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर युगलकिशोर ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई। लोगों ने उनका अभिवादन किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष के पद पर यादराम गोंड़, डोमार गोंड़, उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, सचिव मनीष मंडावी, सहसचिव मोरध्वज ठाकुर, महासचिव प्रवीण कुमार कुंजाम, प्रवक्ता सौरभ पुराम, कोषाध्यक्ष बुधराम, सदस्य रंजित उइके एवं 15 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उन्हें समाज के समक्ष शपथ समारोह नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष की उपस्थित में संपन्न हुआ। महिला प्रभाग का भी गठन किया गया।

## निधन



### दीपक गुप्ता

**राजनांदगांव।** बख्तावर चाल निवासी दीपक गुप्ता उर्फ दीनदयाल का रविवार की देर शाम निधन हो गया। कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थे। उनका उपचार भिलाई के एक निजी अस्पताल में जारी था। सोमवार को उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार मठपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे शरद, भागवत, हितेश गुप्ता के भाई और निहाल और अराध्या के पिता थे। मुक्तिधाम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# गोंदिया से आता था नकली होलोग्राम, कंटेनर का ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के एक फार्म हाऊस में शराब डंप और होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन बरामद होने के मामले में पुलिस ने शराब पहुंचाने वाले कंटेनर चालक एवं नकली होलोग्राम स्टीकर-ढक्कन उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इससे पहले इस मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

ज्ञात हो कि 29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाले कच्चे रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए को एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल एवं अन्य सामग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी। उक्त मामला में पूर्व में फार्म हाउस मालिक सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें से 9 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं फार्म हाउस के मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू एवं नंदकिशोर उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश की जा रही है।

### बारीकी से जांच जारी

इसी प्रकार मामला में होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन उपलब्ध कराने वाले आरोपी मनोज जसाराम तिड़के पिता जसाराम तिड़के 42 साल निवासी न्यूलक्ष्मी नगर गोंदिया थाना राम नगर जिला गोंदिया महाराष्ट्र द्वारा आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम को कमीशन पर होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन उपलब्ध कराता था। दोनों आरोपी को 7 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है। मामला में कंटेनर मालिक व स्टीकर, ढक्कन के सोर्स के संबंध में बारिकी से जांच की जा रही है।



**होलोग्राम उपलब्ध कराने वाले पकड़ाए :** प्रकरण में संलिप्त आरोपी कंटेनर वाहन चालक टोनी पासवान पिता रामता पासवान 26 साल निवासी ग्राम किरही थाना काराकाट बोडारी जिला रोहतास (बिहार) को उसके घर से हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो कन्टेनर में भरे शराब को 2 बार डोंगरगढ़ पहुंचाना बताया। वाहन स्वामी द्वारा प्रति ट्रीप के हिसाब से 3 हजार रुपए देता था बताया।

## कांग्रेसियों ने किया एनीकट का निरीक्षण, गड़बड़ी की खोली पोल

# शहर में जल संकट गहराया, 37 करोड़ की जल आवर्धन योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अप्रैल महीने की शुरूआत मे ही शहर एक बार फिर गंभीर जल संकट से जूझ रहा है और इसकी जड़ें बीते एक दशक पुरानी जल आवर्धन योजना में छिपी हैं, जो आज भी भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण अधूरी है।

विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर मिशन संडे टीम संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में डॉ अरुण भारद्वाज, दीपक देवांगन, रविंद्र अहिरवार, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, शेखर दास वैष्णव, खेमराज पटेल, हरिदर्शन धीमर, सूरज देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, सूरज महिपाल, उमेश साहू, आकाश सारथी सहित अन्य कांग्रेसियो ने गंजीपारा वार्ड और लालपुर स्टाप डेम का निरीक्षण किया जहॉ कई गंभीर खामियां और प्रशासनिक उदासीनता उजागर हुई जिसके चलते दस साल बाद भी आधा शहर पानी के लिए जूझ रहा है। गौरतलब है कि लगभग आठ साल पहले भाजपा सरकार के कार्यकाल में शहर की जनता को पेयजल समस्या से राहत देने 37 करोड़ रुपये की जल आवर्धन योजना स्वीकृत की गई थी। योजना तहत रानी रश्मिदेवी जलाशय से पानी पाइपलाइन के जरिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुँचती जहॉ से पानी सप्लाई होता लेकिन सालों बीतने के बाद भी काम आधा अधूरा है और अब पता चल रहा है कि पाइन लाइन की टेस्टिंग की जा रही है और लीकेज तलाशा जा रहा है।



### रियासतकालीन पाइप लाइन ज्यादा बेहतर

संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा राज में सरकारी पैसों के बंदरबांट के लिए योजना को हमेशा तोड़ा मरोड़ा गया है। जलाशय से पानी लाले की स्कीम को दरकिनार कर लालपुर एनीकट की ऊचाई बढ़ाई गई ताकि कमीशन मिले जबकि ऊचाई बढने के बाद भी एनीकट की हालत बद से बदतर हो गई है। गेट क्षतिग्रस्त है, सडक खस्ताहल है और पैदल नंगे पॉव चलना मुश्किल है। एनीकट पहले नपा ने बनवाया था लेकिन सरकारी राशि की बंदरबांट करने की नीयत से ऊचाई बढ़ाने का काम सिंचाई विभाग को देकर लीपापोती कर राशि आहरित कर ली गई जबकि धरातल पर कोई प्रभावी कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। मनराखन देवांगन ने कहा कि शहर में आज भी रियासतकालीन पाइपलाइन से ही पानी की आपूर्ति हो रही है। 2011 में 80 लाख की लागत से जल शोधन संयंत्र योजना जिसमें गंजीपारा और राजफेमली इलाके में पाइप डाला गया था वह भी आज तक अधूरी है। उन्होने पेयजल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मांग की है कि हर वार्ड में सुचारु रूप से पानी की व्यवस्था तत्काल की जाए। जल आवर्धन योजना में लिप्त भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो। जल संकट से निपटने युद्धस्तर पर टैंकर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### बंदरबांट करने बढ़ाई ऊंचाई

अधिकारियों की लापरवाही बनी दो साल पहले शहर नई पाइप लाइन बिछाने के नाम पर शहर की सीसी और आरसीसी सड़कों को एक किनारे पर बेदर्दी से तोड़ा गया, गहरे गड्ढे पाइप लगाने के नाम पर कई कई दिन खुले रहे जिसमें गिर पड़कर मवेशी और आदमी हताहत हुए लेकिन कार्य एजेंसी और नपा को कोई फर्क नही पड़ा। पाइप लाइन बिछाने के दौरान ही वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया लेकिन आज तक उसका उपयोग शुरू नही हुआ है। मिशन संडे टीम के संयोजक मनराखन देवांगन ने बताया कि योजना तहत पहले रानी रश्मिदेवी सिंह जलाशय से पाइप लाइन बिछाकर पानी लाना था, लेकिन कुछ दिन बाद योजना को परिवर्तित कर पानी स्टोरेज के लिए लालपुर एनीकट का चयन किया गया और आनन फानन मे एनीकट की ऊचाई बढ़ाने ढाई करोड़ के आसपास खर्चा भी कर दिया गया लेकिन बदनसीबी देखिए कि एनीकट की ऊचाई बढ़ गई, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया। शहर में नई पाइप लाइन भी बिछ गई, लेकिन अभी भी आधा शहर पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि तीन तरफ से नदी से घिरे संगीत नगरी मे बरसात के दौरान नदियों की साफ सफाई को लेकर अधिकारी ठोस रणनीति नही बनाते जिसके कारण त्रिवेणी संगम होने के बाद भी शहर की आधी आबादी पानी के लिए भटकती है।

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के दिलदहला देने वाले मामले ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। इस घटना के बाद करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे शर्मनाक और निंदनीय करार दिया।



संजय बहादुर सिंह ने अपने बयान में कहा कि यह घटना राज्य में बेटियों की सुरक्षा के प्रति भाजपा सरकार की लापरवाही को उजागर करती है। दुर्ग जैसे शहर में एक मासूम बच्ची के साथ ऐसा जघन्य अपराध होना सरकार की नाकामी का सबूत है। क्या यही है भाजपा का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा? यह सिर्फ खोखले वादों का ढोंग है।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। अपराधियों के मन में सरकार का कोई डर नहीं है। भाजपा सरकार को तुरंत इस मामले में कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर गए लघु वन उपज प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी प्रबंधक संघ के बैनर तले प्राथमिक लघु वन उपज प्रबंधक अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे समितियों में कामकाज प्रभावित हो रहा है।

लघु वनोपज प्रबंधकों द्वारा बीते 5 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन स्थल पर अपनी मांगों को लेकर लघु वनोपज प्रबंधकों ने आवाज बुलंद की और नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन से मांगे पूरी करने जमकर नारेबाजी की।

### प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन

अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों के तहत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधकों ने मांग की है कि स्वीकृत विभागीय प्रस्ताव के अनुसार तीन स्तरीय संविदा वेतनमान लेवल 7, 8 एवं 9 पर संशोधित आदेश किया जाए। शासन के वित्त निर्देश अनुसार पुनरीक्षित वेतनमान 01 जुलाई 2023 से लागू किए जाने सहित अन्य मांग रखी है।

### माह के प्रथम दिन वेतन देने की मांग

प्राथमिक लघु वनोपज प्रबंधकों ने कहा कि प्रबंधकों की सेवा नियम मई 2016 से लागू है, किन्तु सेवा नियम में निहित प्रावधान नियुक्ति हेतु प्रक्रिया के बिन्दु क्रमांक 04 चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा। तत्पश्चात उसे नियमित किया जाएगा, जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है। वहीं प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को विभाग में कार्यरत अन्य कर्मचारियों की भांति उनके मासिक वेतन माह के प्रथम दिवस तक निजी बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किए जाने की मांग रखी है।

# पट्टी बांधकर पंचायत सचिवों ने निकाली रैली

**राजनांदगांव।** बीते 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने आज शहर में रैली निकाली और मांग पूरी करने आवाज बुलंद की।

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों द्वारा शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे अनिश्चितकालीन हड़ताल करते धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। अपनी मांगे पूरी नहीं होता देख पंचायत सचिवों ने आज शहर में रैली निकाली और प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे मोदी की गारंटी को पूरा करने मांग की है।

### अंतिम चरण तक आंदोलन

पंचायत सचिवों ने कहा है कि शासकीयकरण को लेकर उनकी यह लड़ाई अंतिम चरण तक चलेगी और वह शासकीयकरण लेकर रहेंगे। उनकी मांग जल्द पूरी नहीं होती है तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।




### पूरी नहीं हुई गारंटी

माथे पर शासकीयकरण की मांग पट्टी लगाकर पंचायत सचिवों ने शहर में रैली निकाली और प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए अपने वादे को पूरा करने नारेबाजी की। पंचायत सचिवों ने कहा कि सरकार ने उनसे 100 दिन में शासकीयकरण का वादा किया था, लेकिन 16 माह हो गए, अब तक मोदी की गारंटी पूरी नहीं हुई है।

### प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग

पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वैष्णव और प्रवक्ता देवलाल वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार उनकी मांग पूरी नहीं कर रही है, इसलिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र लिखकर उनके नाम पर दी गारंटी को पूरी करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों के साथ शासन द्वारा शोषण और अन्याय किया जा रहा है। 30 साल से पंचायत सचिव प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों से सिर्फ वादे किए जा रहे हैं और शासकीयकरण नहीं हो रहा है।

# वार्डों में आज से शिविर, आयुक्त ने सौंपा दायित्व

- नागरिकों से सीधा संवाद व समस्याओं के त्वरित समाधान का सीधा माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सुशासन तिहार 2025 का आयोजन प्रदेशभर में किया जा रहा है। तीन चरण में आयोजित इस तिहार के प्रथम चरण में कल 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त करना है। जिसके लिए निगम सीमाक्षेत्र के 51 वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया है।

सुशासन तिहार 2025 के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं विकास कार्यों में गति लाने के साथ आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरण में किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा एवं तीसरे व अंतिम चरण में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

वार्डवासियों को प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता के समस्याओं से संबंधित आवेदन लेने नगर निगम द्वारा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक वार्डों में शिविर आयोजित किया गया है। शिविर के सफल संचालन के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है। शिविर के नोडल अधिकारी उप आयुक्त मोबिन अली को बनाया गया है एवं वार्ड नं. 1 से 17 के प्रभारी अधिकारी कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, वार्ड नं. 18 से 34 के प्रभारी अधिकारी कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा एवं वार्ड नं. 35 से 51 के प्रभारी अधिकारी कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को बनाया गया है। वार्ड नं. 1 के लिए कर्मा भवन बजरंगपुर नवागांव, वार्ड नं. 2 हेतु शहीद भगत सिंह भवन, वार्ड 3 हेतु मोतीपुर सामुदायिक भवन, 4 हेतु पंचायत भवन नया ढाबा, 5 के लिए शीतला मंदिर आंगनबाड़ी भवन चिखली, 6 हेतु सर्वसमाज मंगल भवन, 7 हेतु प्रा. शाला भवन रामनगर, 8 हेतु सामुदायिक भवन, 9 हेतु शीतला मंदिर के पास टीन शेड शंकरपुर, 10 के लिए चिखली माध्यमिक शाला, 11 के लिए सरस्वती कला मंदिर मंच स्टेशनपारा, 12 के लिए बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा, 13 के लिए सामुदायिक भवन गौरीनगर, 14 के लिए सामुदायिक भवन ऑटो स्टैंड, 15 हेतु बीएनसी मिल राम मंदिर के पास, 16 हेतु ठा.प्योरलाल स्कूल, वार्ड नं. 17 के लिए सामुदायिक स्कूल लेबर कालोनी में शिविर लगाया गया है। 18 हेतु पंचशील कॉलोनी शिलाथिशन स्कूल के पास, 19 हेतु देवानंद जैन स्कूल, 20 हेतु आदिवासी समाज भवन, 21 हेतु आदिवासी समाज भवन बुढादेव मंदिर गौठान के पास, 22 हेतु पार्षद कार्यालय स्टेडियम के सामने, 23 हेतु सिंधु भवन, 24 हेतु आंगनबाड़ी भवन जमातपारा, 25 हेतु पार्षद कार्यालय सत्यनारायण धर्मशाला के पास, 26 हेतु सामुदायिक भवन भरकापारा स्कूल के पीछे, 27 हेतु सामुदायिक भवन इंदिरा सरोवर के पास, 28 हेतु मठपारा सामुदायिक भवन, 29 हेतु पार्षद कार्यालय हनुमान मंदिर के पास, 30 हेतु विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण, 31 हेतु साई मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन, 32 हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लखोली, 33 हेतु सतनाम भवन बैगापारा, 34 हेतु शंकर भवन मंदिर चौक कन्हारपुरी में शिविर लगाया गया है। वार्ड नं. 35 हेतु साई भवन गौठान में सामने, 36 हेतु साहू समाज भवन दुर्गा चौक लखोली, 37 हेतु सामुदायिक भवन गंज चौक, 38 हेतु रामायण समिति गांधी चौक के पास, 39 हेतु सामुदायिक भवन सारथीपारा, 40 हेतु गुरूघासीदास भवन नंदई कुंआ चौक, 41 हेतु सामुदायिक भवन इंदिरा नगर, 42 हेतु सामु. भवन राजीव नगर, 43 हेतु सामुदायिक भवन बसंतपुर शीतला मंदिर के पास, 44 हेतु सतनाम भवन जैतखम के पास कौरिनभाठा, 45 हेतु महामृत्युंजय मंदिर जीवन कॉलोनी, 46 हेतु शिव बजरंग मंदिर क्लब चौक के पास, 47 हेतु यादव भवन मोहारा, 48 हेतु सतनाम भवन नंदई, 49 हेतु पार्षद कार्यालय मोहड सुलभ के पास, 50 साहू भवन गौठान के पास एवं वार्ड नं. 51 हेतु मंगल भवन हरदी में शिविर आयोजित किया गया है।

# लोहिया को राजनांदगांव रत्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री बागेश्वरधाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट की अगुवाई में अन्य सहयोगियों दिया मंडलमां गायत्री परिवार, शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति, कस्तूरबा महिला मंडल, कसौधन वैश्य समाज महिला मंडल, आस्था मूकबधिर विद्यालय व अन्य धार्मिक सामाजिक सेवा संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सेवा के लिए संयुक्त सेवा पंडाल प्रति नवरात्र श्री बागेश्वर धाम मंदिर में लगाया जाता है। पूरे 9 दिन तक पदयात्रियों के विश्राम, स्वास्थ्य, जलपान एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था विभिन्न समाजसेवियों के सहयोग से की जाती है।



उक्त जानकारी देते संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राजेश शर्मा, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल, विजय गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल व संयोजिका प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 से बागेश्वर धाम धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा प्रति नवरात्र एक अभिनव योजना समाजसेवा, धर्मसेवा के क्षेत्र में, सेवा अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले नागरिक का राजनांदगांव रत्न सम्मान से सम्मानित करने की प्रारंभ की गई। प्रथम वर्ष यह सम्मान शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डीसी जैन, दूसरे नवरात्रि में भगवाताचार्य प. विनोद गोस्वामी को प्रदान किया गया। इस वर्ष का सम्मान सामाजिक कार्यकर्ता श्री सत्यनारायण मंदिर समिति एवं सुमति मंडल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया को प्रदान किया गया।

श्री लोहिया के जीवन परिचय पर ट्रस्ट की संयोजिका प्रज्ञा गुप्ता ने प्रकाश डाला। संरक्षक शारदा तिवारी, डॉ. डीसी जैन, सोहनलाल गुप्ता, पंकज गुप्ता, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, हरजीत सिंह भाटिया, अमलेंदु हाजरा, अशोक पांडे, लक्ष्मण लोहिया, नारायण कन्नौजे, सौरभ खंडेलवाल, संतोष पटाक, मनोज चौधरी, राजकुमार शर्मा इत्यादि ने श्री लोहिया के जीवन संदर्भ में अपने विचार साझा किए। श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंदिर के उत्सव भवन में आयोजित समारोह में अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न के सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अजय गुप्ता व सौरभ गुप्ता द्वारा दी गई।


हम सबके मार्गदर्शक आदरणीय
श्री.
नीलू शर्मा जी
को छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल
का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं...
लक्ष्मण यादव

## खबर संक्षेप

### माँ सतबहनियाँ मंदिर में ज्योति -जंवारा विसर्जित



**कवर्धा।** माँ सतबहिनियाँ मंदिर पिपरिया में वासंती नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तो द्वारा 266 मनोंकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है जहाँ प्रातः एवं संध्या विधिविधान से पूजन के साथ देवी जसगीत गायन भी किया गया महाअष्टमी पर्व शनिवार को मनाया गया तथा आज 06अप्रैल रविवार को ज्योति जंवारा का श्रद्धा-भक्ति से बाजे -गाजे के साथ विसर्जन किया गया। जिसे दर्शन करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य पुजारी इंद्र कुमार केसरी, पुरन केसरी, संदीप केसरी नागेश केसरी, पिंकू केसरी, होरी जायसवाल, रामफल पटेल, संतराम निषाद, मोती चन्द्रवंशी, नरेश चन्द्रवंशी, सुखचैन चन्द्रवंशी, भुरू निशाद, पिन्टू निशाद, विजय रावत, कार्तिक निषाद, जल्लू निषाद, खेलन साहू, काली चौहान, शिव चरण निषाद आदि माता रानी की सेवा कर रहे थें।

### नगर पालिका को मिली 2 करोड़ 60 लाख की सैद्धांतिक स्वीकृति

# अंबेडकर चौक से समनापुर मार्ग तक बनेगी चमचमाती सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कवर्धा शहर को सुव्यवस्थित व स्वच्छ सुंदर शहर बनाने का कार्य किया जा रहा है शहर के चौक-चौराहों के साथ-साथ, महिला जीम की स्थापना, गौरवपथ निर्माण, तालाबों का संरक्षण एवं वार्ड की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव से रायपुर में मुलाकात कर कवर्धा शहर में चल रहे विकास कार्यो की जानकारियों से अवगत कराया तथा नये विकास कार्यो के लिए अनुदान राशि की मांग की।

बीटी रोड व नाली निर्माण हेतु 2 करोड़ 60 लाख का प्रावधान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि अंबेडकर चौक से लेकर राजमहल चौक होते हुए समनापुर मार्ग तक बीटी रोड व आरसीसी नाला का निर्माण किया जायेगा।

#### नगरीय प्रशासन मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया प्रमुख मांगों पर



उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका परिषद कवर्धा मे प्रस्तुत किये गये बजट को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होनें पाईप लाईन विस्तारीकरण, महिला जीम निर्माण, गौरवपथ निर्माण, बुढ़ामहादेव मंदिर से लक्ष्मीनारायण मंदिर तक कारीडोर निर्माण, प्रमुख मार्गो पर प्रवेश द्वार निर्माण, पिंक टॉयलेट, शहर के तालाब संर्वधन, मुक्तिधाम का विकास, शहर में आकर्षक विद्युत विस्तारीकरण कार्य, भवन निर्माण सहित अन्य मूलभूत कार्यो के लिए अनुदान राशि की मांग की।

#### वर्तमान में चल रहे कार्यो की जानकारी दी नपाध्यक्ष चंद्रवंशी ने

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से चर्चा करते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर में वृहद विकास कार्य कराया जा रहा है उन्होनें बताया कि कवर्धा शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है तालाबों का जल स्तर बना रहे उसके लिए कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही शहर को स्वच्छ शहर बनाने के लिए वार्डो में प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति जागरूक लाने प्रयास किया जा रहा है

जिसके लिए अधोसंरचना मद अंतर्गत बजट वर्ष 2025-26 में शामिल करते हुए 2 करोड़ 60 लाख रूपए का पूर्ण प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है उन्होनें बताया कि अंबेडकर चौक से लेकर समनापुर मार्ग तक का सड़क पूर्ण रूप से खराब हो चुका था जिसे नया निर्माण किये जाने हेतु उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा कर राशि स्वीकृत कराने की मांग की गई थी।

कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया था जिसके परिपालन में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा पत्र क्रं.2337 नवा रायपुर अटल दिनांक 24 मार्च 2025 अनुसार अधोसंरचना मद अंतर्गत 2 करोड़ 60 लाख रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। अब जल्द ही चमचमाती सड़क बन जाने से उस मार्ग में चलने वाले राहगीरों को परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

# कबीरधाम जिले में पहुंचे रेगिस्तान का जहाज लोगों को कर रहे हैं अपनी ओर आकर्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर


ग्रामीण अंचलों में इन समय रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंट अब ग्रामीण अंचलों के गांव और सड़क पर पैदल चलते हुए दिखाई देने लगे हैं जिसे देखकर लोग आकर्षित हो रहे हैं ये नजारा औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा जाने वाले मार्ग पर आवागमन करते समय देखा गया है

जिसे राजस्थान में रेगिस्तान का जहाज के नाम से ऊंट को पुकारा जाता है रेगिस्तान के निवासी ने ऊंट के कुबड पर ऊपर खाने-पीने एवं पूरे परिवार के सामग्री ऊंट के कुबड़ पर लदी हुई और चल रहे थे जिसे देखने के लिए लोगों को अपने तरफ आकर्षित कर रहे थे जानकारी के अनुसार ऊंट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है क्योंकि रेगिस्तान में पाए जाने वाले परिवहन का एकमात्र साधन है इसके पीठ पर कूबड़ होता है

और यह बिना पानी के सात महीना तक जीवित रह सकते हैं अपनी पीठ पर 200 किलोग्राम से अधिक वजन उठा सकते हैं ऊंट का उपयोग रेगिस्तान में परिवहन व माल ढोने के लिए किया जाता है ऊंट चार किलोमीटर के प्रति घंटा व रफ्तार से चल सकते हैं इनके पैर गद्दीदार जैसे होते हैं।

# पंच कुंडी विश्व अश्वमेध महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा/कोलेगांव

30 मार्च से 9 अप्रैल तक चलने वाले इस पंच कुंडी विश्व महायज्ञ में पधारे परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री जूनागढ़ अखाड़ा वृंदावन से महामंडलेश्वर श्री नवल गिरी जी महाराज जी का शुभ आगमन पंच कुंडी विश्व अश्वमेध महायज्ञ कार्यक्रम में पदार्पण हुआ जिसमें उपस्थित हजारों श्रद्धालु एवं भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं अपने मुखारविंद से उन्होंने रामनवमी की इस पावन पर्व पर नवरात्रि की इस बेला में उन्होंने अपने सुंदर मुखारविंद से रामलाल एवं नारी शक्ति की बखान करते हुए आश्रम में अपने माता-पिता को ना छोड़े ऐसा उन्होंने आए हुए श्रद्धालुओं को कहा साथ में उन्होंने वृंदावन में रहकर अपनी पूरी सेवा दे रहे हैं और सनातन को जागरण करने के लिए छत्तीसगढ़ ही नहीं हर राज्यों में अपनी उपस्थिति दे रहे हैं ऐसे महान विभूति का सानिध्य में उनका आशीर्वाद लेने के लिए मुझे भी उनका स्वागत पुष्प गुच्छ माल्यार्पण अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसी बीच में प्रारंभ में भक्ति मय स्वर से राम जी का जीवन गाथा का भावार्थ बताने वाले शिवपुरी से पधारे कथा व्यास महंत दीपिका महाराज का विशेष योगदान सहयोग से प्रतिदिन महाराज के कर कमल के द्वारा राम भक्ति का रसपान करा रहे हैं उज्जैन से पधारे श्री श्री 108 श्री रामानंद महाराज जी जिनके कर कमरों के द्वारा इस आयोजन में विशेष कर साधु संतों का देख रेख एवं उनकी व्यवस्थाओं में मार्गदर्शन दे रहे हैं उनके साथ-साथ श्री प्रेमानंद महाराज जी के कार्यक्रमों के द्वारा अतिथि देव भवः इस प्रकार के विशेष सहयोग इनके द्वारा किया जा रहा है । मनसंचालन से लेकर यज्ञ मंडप तक पूर्ण जवाबदारी व्यवस्था पर गुरु के रूप में श्री श्री 108 श्री पगलानंद, अमरकंटक के सानिध्य में हो रहा है इसका मुख्य यजमानकर्ता एवं आयोजन कर्ता के रूप में राजकुमार श्रीमति गुड्डन चंद्राकर का विशेष सहयोग है जिनके विशेष सहयोग से आयोजन पंच कुंडी विश्व अश्वमेघ महायज्ञ का आयोजन ग्राम खम्हरिया कुंडा में 30 मार्च से लेकर 9 अप्रैल तक यह आयोजन संपन्न होगा जिसमें मुख्य रूप से हजारों की संख्या में प्रतिदिन यज्ञ मंडप की चारों तरफ परिक्रमा लगाने के लिए श्रद्धालु एवं भक्तजन पहुंचे रहे हैं इसी बीच में दिनांक 06 अप्रैल 2025 दिन रविवार को राजनांदगांव लोकसभा से सांसद संतोष पाण्डेय का भी आगमन हुआ साथ में आसपास के जनप्रतिनिधि एवं श्रोतागण अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम का आयोजन में शामिल हो रहे हैं एवं इस कार्यक्रम का विशेष बात यह है कि अश्वमेध यज्ञ के लिए घोड़ा-छोड़ा गया है जो रोज लगातार चारों दिशाओं में उनका भ्रमण चल रहा है जिससे लोग उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं और यह सब विशेष रूप से ग्रामवासी क्षेत्र वासियों का सहयोग से ही संपन्न होने जा रहा है आप सभी पुनः एक बार 30 मार्च से 9 अप्रैल के होने जा रहे इस आयोजन में उपस्थित होकर अपने जीवन को कृतार्थ बनाएं आप सभी पुनः सादर आमंत्रित है।

# पंडरिया में हजारों श्रद्धालुओं ने किये महामाया मां का दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭पण्डरिया

पंडरिया नगर के हृदय स्थल में विराजमान प्राचीन सिद्ध शक्ति पीठ, श्री महामाया देवी मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का आयोजन अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर 1051 मनोकामना कलश स्थापना की गई, जिससे भक्तों में अपार उमंग और श्रद्धा की लहर दौड़ गई। चैत्र नवरात्रि का पर्व, जो 30 मार्च से प्रारम्भ हुआ, इस वर्ष खास तौर पर मनोरम रहा।

अप्रैल 2 को चतुर्थी एवं पंचमी को एक साथ मनाया गया, जिससे आयोजन में एक अनूठी भव्यता आई। मंदिर के राज पुरोहित दीपक शर्मा एवं व्यवस्थापक ज्योत जवारा विनय शर्मा के अनुसार, इस आयोजन में स्थानीय राजपरिवार एवं हजारों श्रद्धालुओं का सक्रिय योगदान रहा। मंदिर के इतिहास में नाबालिक नन्हे राजा, सर्वराकार राजा भिवान राज सिंह तथा संरक्षक कुमार अमर राज के कुल देवी के रूप में महामाया देवी की उपासना की जाती रही है। पंडरिया नगर का यह मंदिर 500 वर्ष से अधिक पुराना है, जो अपनी समृद्ध परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। सदियों से यहाँ सकल जन रंजन, सर्व कल्याण एवं मनोकामना दीप दान की परंपरा चली आ रही है।

#### महामाया मंदिर का इतिहास

इतिहास के पन्नों में यह उल्लेखनीय है कि स्वाधीनता से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी स्वतंत्र जमींदारी पंडरिया के नाम से स्थापित थी। 484 गाँवों की इस जमींदारी की राजधानी मैकल श्रेणी पर्वत मालाओं के तलहटी में स्थित नारसिंह देव, महादेव एवं वृद्धादेव के धाम कामठी में थी। यह महामाया मंदिर भी पहले कामठी में ही था। प्रारंभिक काल में पंडरिया का कोई में वजूद नहीं था, बल्कि कामठी से ही जमींदारी का कार्य संचालन होता था। धीरे-धीरे यह नगर पंडरिया कापा उर्फ प्रताप गढ़ के रूप में उभरा और यहाँ के राज परिवार ने अपनी राजधानी का यहां निर्माण करवाया। कहते है कि र यहां आने के बाद सपने में राजपरिवार को महामाया मंदिर स्थापित करने की प्रेरणा मिली। जिस स्थान पर यह सिद्ध र शक्ति पीठ स्थापित है वहां पहले बांस का घनघोर जंगल हुआ करता था। ऐसे में महामाया देवी का प्रादुर्भाव भी एक चमत्कारिक घटना के रूप में सामने आया। बांस के घने जंगल में खुदाई में श्री माता का प्रदुर्भाव हुआ। कहा जाता है कि कामठी के काले पत्थरों से बने इस भव्य मंदिर के निर्माण के दौरान तत्कालीन जमींदार द्वारा यहां के पाठक परिवार को रतनपुर के श्री नहामाया से पंडरिया के महामाया देवी की पंचोपचार पूजन के लिए लाया गया था। तभी से पंडरिया राज परिवार द्वारा विधिपूर्वक वर्ष में दो बार विशेष पूजा अचर्ना का आयोजन किया जाता है।

# शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा का उद्देश्य नागरिकों को उनकी राजस्व से संबंधित समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन माह अप्रैल 2025 में 07 अप्रैल से 30 जून तक तीन चरणों में आयोजित होगा। पहला चरण माह अप्रैल 2025 में 07 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक, दूसरा चरण माह मई 2025 में 13 मई से 27 मई 2025 तक और तीसरा चरण माह जून 2025 में 16 जून से 30 जून 2025 तक किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व पखवाड़ा शिविर के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर में हितग्राहियों के समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके लिए बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो कि जनता को उनके अधिकारों की त्वरित और प्रभावी तरीके से सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। राजस्व पखवाड़ा शिविरों में विशेष ध्यान दिया जाएगा कि सभी प्रकार की भूमि संबंधित समस्याओं, जैसे विवादित नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण, और अन्य मामलों का समाधान शीघ्रता से किया जाए। साथ ही, किसानों को उनकी कृषि संबंधित समस्याओं का समाधान और किसान किताब वितरण का कार्य भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाएगा, ताकि सभी नागरिकों को इस अभियान का लाभ मिल सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नागरिकों से अपील की है ।

# रामनवमीं पर पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया फल वितरण




**हरिभूमि न्यूज पण्डरिया।** भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमीं उपलक्ष पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा नगर के हृदय स्थल गांधी चौक पर फल वितरण किया गया। जहां एक ओर पूरे देश में रामनवमीं की धूम दिखाई पड़ रही है वही पंडरिया नगर के राम मंदिरों पर भक्तों का ताता लगा रहा। इसी तारतम्य में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा फल वितरण किया गया और भगवान राम जन्मोत्सव की बधाई दी गई। वही दूसरी ओर देखा जाए तो जब से नवीन जायसवाल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष पद सम्हाला है तबसे राजनीति के साथ-साथ धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की उपस्थिति दिखाई पड़ती है। चाहे वह अन्य सभी समाजों की जुलूस, झांकी, यात्रा हो या हिन्दू धर्म से जुड़े हुए उत्सव हो सब में ब्लॉक कांग्रेस की उपस्थिति दिखाई देती हैं। वही पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष नवींन जायसवाल ने सबको रामनवमी की बधाई दी और भगवान राम से प्रार्थना की कि सभी स्वस्थ व प्रसन्न रहे। देश खुशहाली की ओर अग्रसर रहे। आपसी भाई चारा बने रहे। वही कार्यक्रम के दौरान में गुरुदत्त शर्मा, मनीष शर्मा, राजेन्द्र यादव, मनोज राजपूत, राम कुमार जायसवाल, सुनील ठाकुर, राज किरण ठाकुर, श्यामलाल धुलिया, चंद्रभान टन्डन, रवि मानिकपुरी, दिलीप चंद्रवंशी, रवि गुप्ता, अतुल बारगाह, विनोद यादव, गोलू ठाकुर बैरसगपारा, शैलेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मण राय, सुजल ठाकुर, आशु साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

# पैठू तालाब में बूंदभर पानी नहीं भटक रहे मवेशी व पशु पक्षी



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी बरबसपुर, बीजाझोरी, नाऊडीह, घुकसा, डबराभाट, दौजरी, जेवडन खुर्द, बाझीमौहा, सारंगपुर खुर्द के प्रमुख तालाब व पैठू तालाब में बूंद भर पानी नहीं है सुखे के चपेट में आ गई है पानी नहीं है जिनके कारण से पशु पक्षी भटक रहे हैं और वही तालाब के किनारे पचरी के अभाव में लोगों को सुविधा नहीं मिलता है जिनके कारण से लोगों को बु नि या दी सुविधा नहीं मिल रहे हैं एक तरफ लोगों को स्नान करने के लिए खेत खलियान जाना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ मवेशियों को भी राहत नहीं मिल रही हैं बूंद बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है यदि इस तालाब में जिम्मेदार पानी डाल दिया जाए तो लोगों को सुविधा व मवेशियों को भी निजात मिल जायेगा। इस ओर जिम्मेदार को ध्यान देने की जरूरत है ताकि लोगो व पशु पक्षी और मवेशियों को राहत मिल सके।

#### एसबीआई फाउंडेशन व शिखर युवा मंच के तत्वावधान में लगाया शिविर

# ग्राम बैजलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच कबीरधाम द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम के माध्यम से ग्राम बैजलपुर में चर्म रोग एवं जनरल रोग निवारण पर आधारित एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरकारी स्वास्थ्य विभाग, बोड़ला का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में विशेष रूप से बोड़ला के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रुपेश साहू, डॉ. कमलेश जांगड़े पीएचसी बैजलपुर, डॉ. आंचल देवी हठीले, सेक्टर सुपरवाइजर सुनील कुमार विश्नोई, राजकुमार माथुर आरएचओ बैजलपुर, कुमारी चंचल रामटेके सीएचओ, विशेषज्ञ डॉ. मनोज सिंह राजपूत, सिंघारी की सरपंच श्रीमती ममता अदालत मेरावी एवं पंचगण कृपाराम मरकाम, सालिक मेरावी, घुराऊ सिंह एवं पंच बागेश्वर धुर्वे उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के माध्यम से 9 गांवों के कुल 161 लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया, जिसमें 74 पुरुष, 66 महिलाएं एवं 21 बच्चे शामिल रहे। सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम जिसमें शिव डहरे समन्वयक, डॉ लखन सिंह, डॉ पुन्नीदास मानिकपुरी, मुकेश कुमार मानिकपुरी फार्मशिष्ट, विजय कुमार साहू लैब तेकनिशियन, एवं पुनाराम यादव पायलट द्वारा आयोजित यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की योजना है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** खोखली साबित हो रही जिले में विकास की गारंटी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीने का साफ पानी

# जिले के पहाड़ी व वनांचल इलाकों में लगातार गहरा रहा है जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से लेकर अब तक प्रदेश की सत्ता में काबिज रही सरकारों ने जिले के वनांचल व पहाड़ी ग्रामों के बासिंदों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने के नाम पर क्या किया है इसकी बानगी हर साल की तरह इस साल भी जिले के दर्जनों ग्रामों में झिरिया खोदकर अपनी प्यास बुझाते मजबूर और लाचार ग्रामीणों को देखकर समझा जा सकता है। जैसे-जैसे तपिश बढ़ रही है और ग्रीष्म ऋतु के तेवर चढ़ रहे हैं जिले के पंडरिया विकासखण्ड स्थित वनांचल एवं पहाड़ी ईलाकों में जल संकट गहराते जा रहा है। आलम ये है कि इन दिनो यहां के बासिंदों का ज्यादा समय अब पेयजल की व्यवस्था में ही खप रहा है, बावजूद इन्हें पर्याप्त और शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। पंडरिया के वनांचल ईलाकों से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक मौजूदा वक्त में ग्राम बाहपानी, बांसाटोला, डेंगुरजाम, ढेपरापानी, चाऊंददोंगरी, सेजाडीह, बसूलालूट, भाकुर, सरहापथरा, पकरीपानी, सेंदुरखार, बांगर विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत राजाढार के आश्रित ग्राम बेलापानी तथा झुगरीदादर सहित दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण अपने ठिकाने से नीचे उतर कर तथा लंबी दूरी तय कर पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इस भारी मसक्त के बाद भी वे दिनभर में कुछ लीटर पानी ही अपने घरों तक ला पाते हैं और उसे भी दवाई की तरह उपयोग करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के इस दौर में तमाम जल स्त्रोतो के सूख जाने के कारण अब वे झिरिया खोदकर अपना गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो यह झिरिया भी जब तब उनका साथ दे रही है तब ही उन्हें पानी नसीब हो रहा है उसके बाद उन्हें पानी के लिए खासी मसक्कत करनी पड़ेगी। इन ग्रामों की ही तरह कमोबेश यही हाल खैरा, दीवानपटपर, रुखमीददर, कांदावानी, कान्हाखेरो का भी है। यहां भी पेयजल की उचित व पर्याप्त सरकारी व्यवस्था नहीं होने अथवा भीषण गर्मी में व्यवस्था के दम तोडऩे के बाद जलसंकट गहरा गया है और ग्रामीण पेयजल के लिए भटक रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी तो ग्रीष्म ऋ तु का यह अप्रैल माह चल रहा है आने वाले मई-जून के महिने में इन ईलाकों में पानी की स्थिति और भी भयावा हो सकती है। ऐसे हालातों में यहां ग्रामीण अपना जीवन यापन कैसे करेंगे यह वो ही जाने।





### टोल फ्री नम्बर जारी कर प्रशासन बेफिक्र

लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने शासन द्वारा संचालित नलजल योजना का जिले के गांव-गांव में मटियामेट कर चुके प्रशासन व संबंधित विभाग ने हर बार की तरह इस बार भी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या के तथा कथित समाधान के नाम पर एक टोल फ्री नम्बर जारी कर दिया है और चैन की नींद सो रहा है। जबकि प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी इस बात से भली भांति वाकिफ है कि जिले के इन प्रभावित ग्रामों में हर साल पेयजल की किल्लत उत्पन्न होती है और इसकी शिकायतें भी हर साल की जाती है। लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया है।

### लोगों को मुंह चिड़ा रही है नलजल योजना

माना जा रहा है कि अगर शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी नलजल योजना का विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में सहीं ढंग से क्रियान्वयन किया गया होता तो आज लोगों के सामने पेयजल की यह किल्लत उत्पन्न नहीं होती। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों ने प्यासों के हक का पानी भी उन्हें नसीब नहीं होने दिया। नतीजतन आज जिले के गांव-गांव में नलजल योजना के तहत निर्मित कराई गई विशालकाय पानी टंकी और पूरे गांव में बिछाई गई पाईप लाईन प्यासों को मुंह चिड़ा रही है। इस मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उतने ही दोषी है जितने की जिम्मेदार विभागीय व प्रशासनिक अधिकारी, क्योंकि इन चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्रों में इस जनकल्याणकारी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई। जिसके परिणाम आज सभी के सामने हैं।

# अप्रैल की तपिस को देख सहम रहे लोग मई-जून में क्या होगा?



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

लगातार बनते बिगड़ते मौसम के बीच एक बार फिर भगवान भास्कर आग उगलने लगे हैं, जिसके चलते अंचल में लगातार तबिश बढ़ रही है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। आलम ये है कि सूरज चढ़ने के बाद नगर की सड़कों में पूरी दोपहरी सन्नाटा सा पसरा रहता है, लोग भगवान भास्कर का तेज कम होने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकलने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनो में मची मौसमी उथल-पुथल के चलते समूचे अंचल का मौसम बदल गया था और अप्रैल माह के मध्य में तेज आंधी के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था। मौसम के इस बदले मिजाज के चलते लगातार बढ़ रही तपिश व गर्मी से अंचलवासियों को काफी हद तक राहत मिली थी और भरी गर्मी में भगवान भास्कर का तेज भी फीका पड़ गया था। लेकिन महज कुछ दिनो की इस मौसमी नौटंकी के बाद एक बार फिर सब कुछ बदल गया है। भोर फटने के साथ ही भगवान भास्कर पूरे तेज के साथ प्रकट हो रहे हैं। दोपहर होते-होते उनकी यह प्रचडता चरम पर पहुंच जाती है और लोगों का अपने घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। आलम ये है कि चटख धूप और उस पर गर्म हवा के थपेड़ों के चलते नगर की सड़के पूरी दोपहरी सूनसान पड़ी रहती हैं। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकलते भी हैं तो वे भगवान भास्कर की तपिश तथा चटख धूप व गर्म हवा के थपेड़ों से बचने के लिए सिर से लेकर पांव तक पंछा, टोपी, स्कार्प, चश्मा, हांथ पोश व दूसरे साजो सामान का कबज धारण किए होते हैं। इसी प्रकार घरों में दुबके लोग भी गर्मी से बचने के लिए पंखा, कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। मौसम के इन सख्त तेवरों को देख लोग अब मई-जून माह की तपिश का अहसास कर सहम रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** भारत सरकार सामाजित न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय, विदेशी छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन एनओएस पोर्टल पर 27 मार्च तक खोला गया है। साथ ही उक्त योजनाओं को राज्य, जिला, ब्लॉक एवं संस्था स्तर पर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन करने का लेख किया गया है।

### देयकों का पुर्नभुगतान 10 अप्रैल तक

**कवर्धा।** संचालनालय कोष व लेखा छग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ई-कुबेर प्रणाली अंतर्गत असफल रहे संव्यवहारों के पुर्नभुगतान 10 अप्रैल तक किया जा सकेगा। पूर्व में यह समय-सीमा केवल उन संव्यवहारों के लिए थी, जो 31 मार्च को असफल हुए थे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, इंद्रावती कोषालय रायपुर ने सभी संबंधित अधिकारियों को संशोधित समय-सीमा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई करने कहा है।

### ऑनलाइन आवेदन का शेड्यूल जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन का शेड्यूल जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 13 अप्रैल है। विवि से सम्बद्ध सभी कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षा-2025 (मई-जून) के स्नातकोत्तर कक्षा के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर समेत अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रम के परीक्षा में शामिल हो सकते है।

# 14 बटुकों का किया गया उपनयन संस्कार



- आयोजन स्थल नवीन विप्र भवन से बटुकों की निकाली गई धूमधाम से बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज कवर्धा द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय नवीन विप्र भवन कवर्धा में 6 एवं 7 अप्रैल को आयोजित कुल 14 बटुकों के इस भव्य सामूहिक उप नयन संस्कार कार्यक्रम के तहत जहां 6 अप्रैल को मण्डपाच्छादन का कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं 7 अप्रैल को देवतेला एवं चिकट तथा बटुक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय सपत्निक शामिल हुए। इसके अलावा कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी कार्यक्रम में सिरकत की। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथियों तथा बटुकों के परिजनो की उपस्थिति में तमाम नेंग विधि विधान से सम्पन्न कराए जाने के बाद शाम को सभी 14 बटुकों की एक सजे धजे वाहन में गाजे, बाजे के साथ भव्य बारात निकाली गई। जिसमें विप्र समाज के सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बारात आयोजन स्थल नवीन विप्र भवन से महामाया मंदिर, अम्बेडकर चौक होते हुए आगे तक गई जहां से वापस कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर विधित आगे के कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष मनीष तिवारी बंटी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# जिले में 48 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन की योजना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग द्वारा जिला कबीरधाम की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन हेतु पुनर्गठन योजना 2025 को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 292 नवा रायपुर, दिनांक 03 अप्रैल 2025 के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 48 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन का प्रस्ताव शामिल है।

पुनर्गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के उप/सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा दावा-आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों में किया जाएगा। साथ ही संबंधित समिति, बैंक शाखा, बैंक मुख्यालय एवं विभाग के जिला कार्यालयों के सूचना पटल पर भी यह सूचना चस्पा की जाएगी। यह कार्य योजना के प्रकाशन की तिथि से आगामी 5 दिवसों के भीतर किया जाना है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर संबंधित प्रभावित एवं परिणामी सोसायटियों के सदस्य, समितियाँ, बैंक शाखाएँ तथा अन्य इच्छुक पक्ष निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में अपनी दावा-आपत्तियाँ 15 दिवस की समयावधि में उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

# सहसपुर लोहारा में मनाया जायेगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा द्वारा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत 8 से 11 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय भवन, सामुदायिक भवन सतनामी पारा व नवापारा, बरगद पेड़ मंच साहू पारा, बालक प्राथमिक शाला परिसर में आम जनता से उनकी समस्याओं और शिकायतों के संबंध में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही समाधान पेटी एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी अपना आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक शिविर लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण में 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण के तहत 5 मई से 31 मई तक वार्ड में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।




## पतंजलि योग समिति ने मनाई महाअष्टमी



**कवर्धा।** पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम के तत्वाधान मे विंध्यवासिनी नियमित योग कक्षा के साधकों द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में योग प्राणायाम के साथ-साथ नौ दिन मां शक्ति की आराधना व उपासना की। वहीं महाष्टमी में यज्ञ हवन कर कर पूर्णआहुति में नौ कुमारी कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। सनातन धर्म में इस नवरात्र पर्व का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी महिला प्रभारी उमा चंद्रवंशी, महामंत्री ज्योति शुक्ला, अशोक चंद्रवंशी, रमेश साहू, शशि राजपूत, रामा जायसवाल, संतोष साहू, शैलेंद्र साहू, रवेंद्र साहू, विनीता चंद्रवंशी, प्रतिमा चंद्रवंशी, ममता साहू, शीला ठाकुर, प्रमिला शिवहरे, रागिनी साहू, मंजू चंद्रवंशी, सरिता साहू, रनिया राजपूत, लक्ष्मी तिवारी आदि उपस्थित थे।

## राजस्थानी मवेशी ग्रामीणों की बढ़ा रहे चिंता...



**कोलेगांव।** राजस्थानी मवेशी पालक बढ़ती गर्मी के साथ अंचल के पहाड़ी ईलाकों व जंगलों से बाहर निकलकर मैदानी ईलाकों में ढेरा डाल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस समय जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में बड़ी संख्या में राजस्थानी मवेशियों का ढेरा है। जो न सिर्फ गांव व आसपास के ईलाकों की हरियाली को चट कर रहे हैं बल्कि स्थानीय मवेशी पालकों के मवेशियों के हक का चारा पानी का भी दोहन कर रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में पहले ही अंचल में चारा-पानी की किल्लत को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर चिंता भी देखी जा रही है।

शासकीयकरण की मांग को लेकर लगातार 21 दिनों से पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी

# हड़ताली पंचायत सचिवों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर गत 17 मार्च से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जिले भर के पंचायत सचिवों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाली तथा मांग से संबंधित एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंचायत सचिव बीते 21 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है लेकिन इस दौरान अभी तक शासन द्वारा पंचायत सचिवों की मांग को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। जबकि पंचायत सचिवों की इस हड़ताल से पंचायतों में कामकाज ठप है और ग्रामीण परेशान हो रहे है। पीएम आवास से लेकर मनरेगा, पेंशन वितरण सहित पंचायतों से जुड़े मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहे है। पंचायत संचनालय के आदेश की कापी जलाने के बाद से पंचायत सचिव इस बार आरपार की लड़ाई के मूड में हैं। पंचायत सचिवों को कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा एवं जनघोषणा पत्र में इसे शामिल किया गया है। भाजपा ने सरकार बनने के 100 दिन के अंदर पंचायत सचिवों को शासकीयकरण के लिए आश्वस्त किया गया था परंतु सरकार बनने के 400 से अधिक दिन होने के बाद भी सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ठोस पहल नहीं किया गया है सिर्फ और सिर्फ समिति बनाकर सचिवों को गुमराह किया जा रहा है।

पंचायत सचिवों ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से सरकार द्वारा गठित समिति के देखते हुए आ रहे है परंतु इस बार पंचायत सचिव सरकार के समिति गठन के झांसे में नहीं आने वाले है सिर्फ शासकीयकरण को लेकर ही अनवरत आंदोलन पर बैठे हुए है। इसी तारतम्य में जिले के समस्त सचिवों द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल रैली निकाली और अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए जिला कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम से मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के पदाधिकारी तथा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# रामनवमी पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

रामनवमी के पावन पर्व पर नगर के सभी मन्दिरो में विशेष पूजा अर्चना की गई एवं भगवान श्रीराम -लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान जी की रामजानकी बड़े मंदिर से डीजे, बाजे-गाजे आतिशबाजी के साथ भगवाध्वज लहराते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें रामजानकी बड़े मंदिर, रामजानकी छोटे मंदिर एवं श्री जगन्नाथ मंदिर के निशान सम्मिलित हुए हैं। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग सोनीपारा, छोटे बाजार, मेंनरोड , बड़े बाजार होते हुए माँ सतबहिनियाँ मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति-भाव के साथ पूजा - अर्चना की गई एवं जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। राम नवमी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति मेले का आयोजन भी किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्र कुमार केशरी, पुरन केशरी, संदीप केशरी, नागेश केशरी, नपा अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, पूर्व अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, गैद लाल केशरी, ओम प्रकाश दानी, बहोरन देवांगन, नंद कुमार शर्मा, रविन्द्र देवागन, लोकेश साहू, झगराम साहू महंत श्यामसुन्दर दास, राजा केशरी, उज्जवल दूबे, खेलन साहू के साथ साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

